पत्रकार वार्ता के दौरान उद्योग निदेशक सुधीर चंद्र नौटियाल।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### आढ़त व्यापरियों के प्याज के स्टॉक का निरीक्षण किया

**संवाददाता** देहरादून। ''आढ़त व्यापारियों के स्टॉक का किया गया निरीक्षण'' जिलापूर्ति अधिकारी जसवंत सिंह कण्डारी और मण्डी सचिव विजय थपलियाल के संयुक्त निर्देशन में टीम द्वारा निरंजनपुर मण्डी में आढ़त व्यापरियों के प्याज के स्टॉक का निरीक्षण किया गया। शासन और जिलाधिकारी सी रविशंकर के निर्देशों के क्रम में किये गये संयुक्त निरीक्षण में 6 आढतियों के स्टॉक का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर संयुक्त निरीक्षक विभुति जुयाल सहित अधीनस्थ कार्मिक साथ थे।

### आधार सेवा केन्द्र ने पूरी तरह कार्य करना शुरू किया

**संवाददाता** देहरादून। क्षेत्रीय प्रबन्धक आधार सेवा केन्द्र आदित्य शुक्ला ने अवगत कराया है कि यूआईडीएआई (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) द्वारा 261 एडी टॉवर निरंजनपुर देहरादून में स्थापित उत्तराखण्ड के पहले आधार सेवा केन्द्र ने पूरी तरह कार्य करना शुरू कर दिया है। नवम्बर में स्थापित इस केन्द्र में आधार से जुड़ी सभी सेवा उपलब्ध है तथा यह सेन्टर आधुनिक तकनीक से लैस है। कहा कि इस केन्द्र में नया आधार बनाने का कार्य निःशुल्क किया जा रहा है तथा आधार अपडेट करने का कार्य मामूली शुल्क में किया जा रहा है, जो यूआईडीएआई द्वारा निर्धारित है।

### बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजना अंतर्गत संवेदीकरण कार्यक्रम 13 दिसंबर को

**संवाददाता** देहरादून। ''बेटी पर अभिमान करो, जन्म होने पर सम्मान करो'' बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजना के अन्तर्गत 13 दिसम्बर को कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में पूर्वाहन् 11 बजे इलैक्ट्रानिक मीडिया एवं प्रिन्ट मीडिया के प्रतिनिधियों का योजना से संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसी दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजना के अन्तर्गत गठित जिला टास्क फोर्स की बैठक भी आयोजित की जायेगी।

### रणजी ट्रॉफीः जम्मू कश्मीर ने 253 रनों से जीता पहला मुकाबला

**संवाददाता** देहरादून। जम्मू–कश्मीर ने 253 रनों से पहला रणजी ट्रॉफी मुकाबला जीत लिया है। आज अभिमन्यु क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले की दूसरी पारी में उत्तराखंड की टीम 149 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इससे पहले पहली पारी में उत्तराखंड की टीम ने कुल 84 रन बनाए थे। दूसरी पारी में उत्तराखंड के दीक्षांशु ने 55 रनों की नाबाद पारी खेली। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज विकेट पर टिकने का साहस नहीं दिखा सका।

# मल्टी–पार्किंग के लिए स्टैंडर्ड मॉडल तैयार करें

**समीक्षा**

शौचालयों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया जाएः मुख्यमंत्री

होम स्टे की मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए

**संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने निर्देश दिए हैं कि पार्किंग स्थलों के लिए एक स्टैंडर्ड मॉडल बनाया जाए। विभिन्न उद्देश्यों के लिए भवन–निर्माण का जरूरत के अनुसार हो। पर्यटन स्थलों, शहरी क्षेत्रों में बनाए जाने वाले शौचालयों की गुणवत्ता का निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। नगर पंचायत भवन निर्माण को प्राथमिकता दी जाए। साहसिक खेल निदेशालय की स्थापना जल्द से जल्द की जाए। इको टूरिज्म पॉलिसी बनाई जाए। अगले वर्ष वैलनेस समिट की तैयारी शुरू की जाए। पर्यटन विभाग में पंजीकृत होम स्टे की मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री सचिवालय में सिंचाई, शहरी विकास, पर्यटन, युवा कल्याण, परिवहन और आवास विभागों की समीक्षा कर रहे थे।



सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत समीक्षा बैठक लेते हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्वीकृत मल्टी–पार्किंग के लिए किसी विशेषज्ञ एजेंसी से एक समान मॉडल बनवा लिया जाए। इसमें इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि पर्वतीय क्षेत्रों में पार्किंग स्थल विकसित करने में कंक्रीट का भारी भरकम स्ट्रक्चर न बनाया जाए। आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाए। जहां अधिक आवश्यकता न हो, वहां ओपन पार्किंग की व्यवस्था की जाए। बताया गया कि विभिन्न स्थानों के मास्टर प्लान बनाने की प्रक्रिया चल रही है। शहरी विकास विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों के सभी शौचालयों की गुणवत्ता का निरीक्षण करवा लिया जाए। कूड़ा निस्तारण के लिए सेग्रीगेशन की व्यवस्था की जाए। जगह–जगह लगाए जाने वाले साईनेज में समरूपता हो।

बताया गया कि नरेंद्र नगर में गंगा पथ पर मैरीन ड्राईव का निर्माण कुम्भ के तहत कराया जाएगा। पौड़ी में कूड़ा निस्तारण के लिए कार्यवाही गतिमान है। विद्युत शवदाह गृह चित्रशिला घाट, रानीबाग के लिए आंगणन प्रेषित किया गया है। मसूरी में भी वैंडर जोन बनाया जाएगा। सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिले में एक–एक नदी के संरक्षण व संवर्धन के काम में तेजी लाई जाए।

पर्यटन विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ में गौरीकुण्ड मंदिर के समीप कुण्ड निर्माण में उसके प्राचीन स्वरूप को बरकरार रखते हुए किया जाए। साहसिक खेल निदेशालय की स्थापना जल्द से जल्द की जाए। इको टूरिज्म पॉलिसी बनाई जाए। पर्यटन विभाग में पंजीकृत होम स्टे की मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। परिवहन विभाग की समीक्षा में मुख्यतः विभिन्न स्थानों पर बस अड्डों के निर्माण और युवा कल्या विभाग की समीक्षा में खेल मैदान व मिनी स्टेडियमों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई।

### विस में मंत्रियों को दिया जा रहा ई–कैबिनेट का प्रशिक्षण

**संवाददाता** देहरादून। ई–कैबिनेट की तैयारी हेतु विधान सभा में चरणबद्ध ढंग से मंत्रियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दिसम्बर माह तक पूर्व ई–कैबिनेट से संबन्धित सभी तैयारी पूर्ण कर ली जायेगी। आगामी कैबिनेट की नोटिस सूचना इसके माध्यम से प्राप्त होने की संभावना है। ऑनलाइन ई–कैबिनेट से संबन्धित एजेंडे की जानकारी और कार्यवृत की जानकारी प्रदान की जायेगी।

ई–कैबिनेट का उद्देश्य समयबद्ध ढंग से कार्रवाई करना, लेस पेपर व्यवस्था को प्रोत्साहित करना एवं संस्थागत मेमोरी को विकसित करना है। इसके प्रयोग से जहाँ पर्यावरण मित्र के माध्यम से कागज की बचत होगी वहीं संस्थागत मेमोरी द्वारा पूर्व की कैबिनेट जानकारी को प्राप्त करना भी आसान होगा। ई–कैबिनेट, ई–गवर्नेंस की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज विधान सभा में कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल एवं कैबिनेट मंत्री यशपाल आर्य को ई–कैबिनेट के संबन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। अभी तक 200 अनुभाग अधिकारी के स्तर को प्रशिक्षण दिया गया है।

### दून हाट का सीएम 12 दिसंबर को करेंगे लोकार्पण

**संवाददाता** देहरादून। हथकरघा और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए नावार्ड योजना के अन्तर्गत नव निर्मित दून हाट का लोकार्पण सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा 12 दिसंबर को किया जाएगा। दिल्ली हाट की तर्ज पर दून हाट को एक ऐसे स्थान के रूप में विकसित किया गया है जहां देश–विदेश के पर्यटकों को राज्य के स्थानीय उत्पादों के साथ–साथ संस्कृति कला एंव विशिष्टताओं से परिचित होने का अवसर मिल सकें। प्रेसवार्ता के दौरान निदेशक सुधीर नौटियाल ने बताया कि आईटी पार्क देहरादून में नवनिर्मित दून हाट नावार्ड द्वारा वित्तपोषित है। जिसका लोकार्पण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीएम द्वारा 12 को सांय 5:00 बजे किया जायेगा।

# कृषकों की आय बढ़ाना सरकार का प्रमुख उद्देश्य

**बैठक**

■ तराई बीज विकास निगम के उत्पादकता व गुणवत्ता में वृद्धि के लिए प्रयास किया जा रहा

देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश के कृषि मंत्री सुबोध उनियाल ने विधान सभा सभागार में उद्यान एवं कृषि विभाग के संबंध में बैठक की। बैठक में मंत्री ने कहा कृषकों की आय बढ़ाना सरकार का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि कृषकों का शोषण रोकने और बिचौलियों को समाप्त करने के लिए निरन्तर



कृषि मंत्री सुबोध उनियाल बैठक लेते हुए।

कार्य किया जा रहा है। यह बात तराई बीज विकास निगम के सम्बन्ध में बैठक लेते हुए उन्होंने कही।

तराई बीज विकास निगम के उत्पादकता और गुणवत्ता में वृद्धि के लिए प्रयास किया जा रहा है। कृषकों को गुणवत्ता युक्त बीज मिले और कृषकों की उत्पादकता बढ़े जिससे आय दो गुनी करने में मद्द मिल सके इसके लिए पर्याप्त उपाय पर बल देने का निर्देश दिया गया। हम प्रयास कर रहे हैं कि तराई बीज विकास निगम को और अधिक सुनियोजित ढ़ग से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि जो हमारे ओनर्स हैं वे 30 प्रतिशत फाउण्डेशन सीड्स तराई बीज विकास निगम से लेंगे, इसके साथ ही पंतनगर विश्वविद्यालय को अवगत कराया गया है कि ब्रिडर सीड सिर्फ प्रदेश के किसानों, व्यापारियों और संस्थानों को ही उपलब्ध कराये, प्रदेश से बाहर निर्धारित दिशा–निर्देशों के आधार पर ही दिया जायेगा। इस अवसर पर सचिव कृषि आर मीनाक्षी सुन्दरम, प्रबन्ध निदेशक उ. बी. एवं त.बि.नि. डॉ नीरज खैरवाल, निदेशक के.सी. पाठक, महाप्रबन्धक टीडीसी अमन सक्सेना, निदेशक रिसर्च जी.बी.पंत डॉ. एस. एन. तिवारी सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### पीएम को लिखा पत्रे

**संवाददाता** देहरादून। यूकेडी के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष एवं संरक्षक त्रिवेंद्र सिंह पंवार ने प्रधानमंत्री सहित पांचों सांसदों को पत्र लिखकर टीएचडीसी को बचाने की मांग की है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।